**प्रेस नोट संख्या- 04**

**दिनांक 06.11.2025**

**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी**

**थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 04.11.2025 को वादी श्री विमलेश सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पूरे मंशा गूजर टोला थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना गौरीगंज पर लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 03.11.2025 को उनके पुत्र अंकित सिंह बाजार से अपने घर की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर उनके पुत्र को गिरा दिया था तथा वाहन से निकल कर 06 लोगों ने उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से असलहे से फायर कर दिया था तथा लोहे की राड से कई वार करके भाग गये थे। प्राप्त तहरीर पर थाना गौरीगंज पर मु0अ0सं0 372/25 धारा 190, 191(2), 191(3), 109(1), 61(2)(a) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों 1.मो0 जलील पुत्र मुनीर निवासी पूरे सूबेदार मजरे ऐंधी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी व 2.दीपक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि अंकित सिंह से पूर्व की रंजिश थी। पिछले साल अंकित सिंह व जलील के भतीजे जीशान पुत्र इस्लाम एवं उनके अन्य साथियों के साथ मारपीट हुई थी, जिसके संबन्ध में थाना गौरीगंज पर मु0अ0सं0 286/24 पंजीकृत किया गया था। उसी रंजिश को लेकर दिनांक 03.11.2025 को अंकित सिंह पर हमला किये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. मो0 जलील पुत्र मुनीर निवासी पूरे सूबेदार मजरे ऐंधी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 54 वर्ष।
2. दीपक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी उम्र 22 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 372/25 धारा 190, 191(2), 191(3), 109(1), 61(2)(a) बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. निरीक्षक जिलेदार यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. निरीक्षक शिवाश्रय राम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 सुमित कुमार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 आशीष कुमार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

**अभियुक्त जलील का आपराधिक इतिहास-**

- मु0अ0सं0 311/20 धारा 147, 188, 269, 323, 504, 506 भादवि व 3 महामारी अधि0 व 51 आपदा प्रबन्धन अधि0 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।